# Daily Current Affairs

Date : 25 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | ‘राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति - 2025’ जारी |
| 2. | राजस्थान के तीन खिलाड़ी अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. लोकायुक्त सचिवालय का नया प्रतीक चिह्न<br>2. सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल<br>3. 7वाँ महिला और पुरुष रोल बॉल वर्ल्ड कप – 2025<br>4. ‘स्पेशल ओलिंपिक्स भारत’ में राजस्थान का प्रदर्शन<br>5. 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन<br>6. सुभाष चौधरी : हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक |
| 4. | संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (UNHCR) |
| 5. | सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (SLHEP) |
| 6. | दक्षिणी महासागर कार्बन विसंगति |
| 7. | राम वी सुतार |
| 8. | सुशासन दिवस: 25 दिसंबर |
| 9. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ‘शेवेलिए द ऑर्डर दे आर्ट्स ए लेटर्स’ सम्मान<br>2. INS सिंधु घोष<br>3. हेनली पासपोर्ट इंडेक्स, 2025<br>4. ‘मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तीकरण’ पुस्तक |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### ‘राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति - 2025’ जारी

**चर्चा में क्यों?**

- 24 दिसंबर, 2025 को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्मांकन का पसंदीदा गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए ‘राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025’ जारी की गई।

RAJASTHAN
FILM TOURISM
PROMOTION POLICY

**मुख्य बिन्दु:**

- **जारीकर्ता :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।
- **स्थान :** झुंझुनूं के मंडावा में पर्यटन कॉन्क्लेव ‘हवेलियों से हरियाली’ में।
- नई फिल्म पर्यटन नीति राज्य को फिल्मिंग हब के रूप में स्थापित करेगी जिसमें, सब्सिडी/प्रोत्साहन एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के व्यापक प्रावधान शामिल किए गए हैं।

**नीति के मुख्य प्रावधान :**

- **फिल्म व्यय पर 30 प्रतिशत तक सब्सिडी :** राजस्थान में फीचर फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग पर किए व्यय का अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी सीमा फीचर फिल्म के लिए ₹3 करोड़, वेब सीरीज के लिए ₹2 करोड़, टीवी सीरियल के लिए ₹1.5 करोड़ और डॉक्यूमेंट्री के लिए ₹2 करोड़ निर्धारित की गई है।

- **नोट :** सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने हेतु राज्य में न्यूनतम व्यय फीचर फिल्म हेतु ₹2 करोड़, जबकि वेब सीरीज, टीवी सीरियल और राजस्थानी भाषा की फिल्मों हेतु ₹1 करोड़ अनिवार्य होगा।

**सब्सिडी प्राप्त करने हेतु प्रावधान:**

1. **लोकेशन स्क्रीन-टाइम आधारित प्रोत्साहन :** राजस्थान की लोकेशन्स (स्थानों) को 5-15 प्रतिशत, 16-30 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से अधिक स्क्रीन-टाइम देने पर क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।
2. **50 प्रतिशत शूटिंग-दिवस राजस्थान में करने पर :** फीचर फिल्म के 50 प्रतिशत शूटिंग-दिवस राजस्थान में करने और न्यूनतम व्यय सीमा पूरी करने पर अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
3. **100 प्रतिशत शूटिंग राजस्थान में करने पर :** यदि पूरी फिल्म राजस्थान में शूट की जाती है तो अधिकतम सब्सिडी सीमा के अन्दर 5 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।

- **राजकीय स्थानों पर शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति :** राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के नियंत्रण वाले शूटिंग स्थानों की अनुमति शुल्क/फीस (अधिकतम पाँच दिन) की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति दी जाएगी।
- **अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को विशेष प्रोत्साहन :** राजस्थान में फिल्माई गई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फीचर फिल्मों को अधिकतम ₹1 करोड़ तथा भारत सरकार के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को अधिकतम ₹50 लाख प्रोत्साहन राशि मिलेगी।
- **छात्रवृत्ति योजना :** फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD), नई दिल्ली में अध्ययन/प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राजस्थान निवासी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान भी इस नीति में किया गया है। प्रत्येक वर्ष 10 छात्रों को चयनित कर अधिकतम ₹50,000 की 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस सहायता एवं ₹5,000 प्रतिमाह तक 100 प्रतिशत स्टाईपेंड प्रदान किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राजस्थान फिल्म डायरेक्टरी व ऑनलाइन पोर्टल :** राजस्थान पर्यटन विभाग राज्य की सभी शूटिंग लोकेशन्स की विस्तृत डायरेक्टरी तैयार करेगा। साथ ही एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा, जिसमें निर्माता-निर्देशक से लेकर कलाकार, संगीतकार, कोरियोग्राफर और लाइन प्रोड्यूसर तक सभी की सूची उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल फिल्म निर्माताओं के लिए वन-स्टॉप समाधान बनेगा।
- **थियेटर में रिलीज की अनिवार्यता :** योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए थिएटर में रिलीज होने वाली हिंदी फिल्मों को न्यूनतम 200 स्क्रीन, राजस्थानी फिल्मों को 25 स्क्रीन और अन्य भाषाओं की फिल्मों को 100 स्क्रीन पर रिलीज करना अनिवार्य होगा।
- **राज्य सरकार व पर्यटन विभाग को अनिवार्य श्रेय :** इस नीति के तहत एक विशेष प्रावधान किया गया है कि सभी सब्सिडी प्राप्त फिल्मों में राज्य सरकार और पर्यटन विभाग को श्रेय देना अनिवार्य होगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के तीन खिलाड़ी अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान के तीन एथलीटों को वर्ष 2025 के अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित (नॉमिनेट) किया गया।

युवा कार्यक्रम
एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS
AND SPORTS
सत्यमेव जयते

## मुख्य बिन्दु:

### नामित खिलाड़ी:

| खिलाड़ी का नाम | खेल | संबंधित ज़िला | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| पद्मनाभ सिंह | पोलो | जयपुर | भारतीय पोलो टीम के कप्तान रह चुके हैं। |
| निर्मला भाटी | खो-खो | नागौर | नई दिल्ली में आयोजित खो-खो विश्व कप में भारत की विजेता टीम की सदस्य। |
| रुद्रांश खंडेलवाल | पैरा शूटिंग | भरतपुर | पिस्टल में वर्ल्ड रिकॉर्ड। पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व। |

### पुरस्कार के बारे में :

- अर्जुन पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा खेल सम्मान है। यह पुरस्कार हर वर्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में प्रदान किया जाता है।
- **स्थापना :** वर्ष 1961 में भारत सरकार द्वारा।
- **प्रदानकर्ता :** युवा मामले और खेल मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **लोकायुक्त सचिवालय का नया प्रतीक चिह्न**<br>■ हाल ही में, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा राजस्थान लोकायुक्त सचिवालय के नए लोगो (प्रतीक चिह्न) का अनावरण किया गया।<br>■ इस प्रतीक चिह्न में 'न्यायो नीतिः च शासनम्' वाक्य लिखा गया है।<br>■ **राजस्थान के लोकायुक्त :** न्यायमूर्ति प्रताप कृष्ण लोहरा। |
| 2. | **सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल**<br>■ 24 दिसंबर, 2025 को राजस्थान वित्त विभाग द्वारा सार्वजनिक खरीद प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने के उद्देश्य से 'सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (SHPP)' का शुभारंभ किया गया।<br>■ SHPP एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें ई-प्रोक्योरमेंट, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) एवं कार्य और संपत्ति प्रबंधन (WAM) जैसे प्लेटफॉर्म्स को एकीकृत कर एक ही सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है।<br>■ **SHPP के चार प्रमुख मॉड्यूल :** रिक्वेस्ट फ़ॉर कोटेशन, लिमिटेड बिडिंग, प्रोक्योरमेंट फ्रॉम नोटिफ़ाइड एजेंसीज़, व्हीकल ऑन हायरिंग। |
| 3. | **7वाँ महिला और पुरुष रोल बॉल वर्ल्ड कप – 2025**<br>■ **आयोजन :** दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में 14 से 18 दिसंबर, 2025 तक।<br>■ इस टूर्नामेंट में भारत की महिला टीम ने खिताब जीता जिसमें अजमेर की प्रीतिका तारावत ने भाग लिया। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **'स्पेशल ओलिंपिक्स भारत' में राजस्थान का प्रदर्शन**<br>■ **आयोजन :** बोकारो (झारखंड) में।<br>■ **आयोजक :** राष्ट्रीय खेल महासंघ।<br>■ **राजस्थान का प्रदर्शन :** राजस्थान के साइक्लिस्ट ने 1 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। रजनी बावरिया ने 10 किमी रोड रेस में गोल्ड, 5 किमी रोड रेस में सिल्वर, राज सिंह जोधा ने 1 व 2 किमी रोड रेस में सिल्वर, पार्थ गुप्ता ने 500 मीटर व 1 किमी साइक्लिंग रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता। |
| 5. | **'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन**<br>■ हाल ही में, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित पुस्तक 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' का विमोचन किया।<br>■ **पुस्तक का विषय :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और विचारों पर आधारित। |
| 6. | **सुभाष चौधरी : हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक**<br>■ जयपुर के सुभाष चौधरी ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में बॉय्ज़ अंडर 17 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।<br>■ फाइनल मुकाबले में सुभाष ने सिंगापुर के रेहान सिंह को 11-4, 11-4, 11-5 से हराया।<br>■ **प्रतियोगिता का आयोजन :** 19 से 24 दिसंबर, 2025 तक। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (UNHCR)

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से ईराक के पूर्व राष्ट्रपति बरहम सालिह को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) नियुक्त किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **कार्यकाल:** 1 जनवरी, 2026 से 5 वर्ष तक।
- **प्रतिस्थापित:** इटली के फिलिप्पों ग्रांडी का स्थान लेंगे।
- सालिह 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध के बाद से मध्य पूर्व से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के पहले प्रमुख है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

#### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (UNHCR):

- **स्थापना:** वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा (वर्ष 1951 में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन)।
- **मुख्यालय:** जिनेवा।
- **संगठनात्मक संरचना:** यह एक कार्यकारी समिति और एक सचिवालय के माध्यम से संचालित होता है, जिसका नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा चुने गए उच्चायुक्त करते हैं।
- **वित्त पोषण:** सरकारों, निजी दानदाताओं और संगठनों के स्वैच्छिक योगदान से संचालित।
- **दायित्व:** विश्वभर में शरणार्थियों, आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (IDP) और राज्यविहीन व्यक्तियों की रक्षा और सहायता करना।
- **मान्यता:** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (UNHCR) ने विश्वभर में शरणार्थियों की रक्षा के लिए वर्ष 1954 और 1981 में नोबल शांति पुरस्कार जीता।

#### नेन्सन शरणार्थी पुरस्कार:

- UNHCR का पुरस्कार।
- **स्थापना:** वर्ष 1954
- फ्रिड्टजोफ नानसेन के सम्मान में (पहले उच्चायुक्त)।
- **पहले प्राप्तकर्त्ता; वर्ष 1954:** एलेनोर रूजवेल्ट।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (SLHEP)

### चर्चा में क्यों?

- **भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना, 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना लगभग 20 वर्षों के बाद अपनी पहली 250 मेगावाट इकाई के चालू होने के साथ ही परिचालन में आ गई है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**


- एक रन ऑफ द रिवर जल विद्युत परियोजना है।
- **अवस्थिति:** गेरूकामुख, असम-अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर।
- **कुल क्षमता:** 2000 मेगावाट (पूर्णत: परिचालन के बाद भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बन जाएगी)
- **कार्यान्वयन:** NHPC लिमिटेड (राष्ट्रीय जल विद्युत निगम)
- **नदी:** सुबनसिरी नदी (ब्रह्मपुत्र की सबसे बड़ी सहायक नदी)
- **परियोजना को स्वीकृत:** वर्ष 2003
- **चुनौतियाँ:** वर्ष 2011 से 2019 तक असम के निचले इलाकों में पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययनों, भूकंपीय सुरक्षा समीक्षाओं और सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनी के कारण प्रगति में देरी हुई।
- **परिचालन प्रारंभ:** पहली 250 मेगावाट इकाई ने दिसंबर, 2025 में परिचालन शुरू किया।
- **कार्यवधि/पूर्णत परिचालन:** शेष 7 इकाइयों (प्रत्येक 250 मेगावाट) को वर्ष 2026 और वर्ष 2027 तक चालू किया जाएगा।
- **बाँध:** कंक्रीट गुरुत्वाकर्षण बाँध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## दक्षिणी महासागर कार्बन विसंगति

### चर्चा में क्यों?

- नेचर क्लाइमेंट चेज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार दक्षिणी महासागर निरंतर CO2 का अवशोषण करता जा रहा है, जो जलवायु मोडलों की भविष्यवाणी के विपरीत हैं, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन समृद्ध गहरा जल सतह तक नहीं पहुँच पाता है और निचले स्तरों में संचित रहता है।



**मुख्य बिन्दु:**

- एक प्रमुख वैश्विक कार्बन एवं ऊष्मा अवशोषक (सिंक) होने के कारण, स्तरीकरण के कमजोर पड़ते ही संचित कार्बन के मुक्त होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे दक्षिणी महासागर के कार्बन अवशोषक से उत्सर्जक बनने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

**दक्षिणी महासागर कार्बन विसंगति:**

- **जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों के विपरीत:** जलवायु मॉडलों के अनुसार, बढ़ती ग्रीनहाउस गैस सांद्रता और ओज़ोन परत के पतन के संयुक्त प्रभाव से दक्षिणी महासागर के ऊपर पश्चिमी पवनों की तीव्रता बढ़ने तथा उनके ध्रुवों की दिशा में स्थानांतरित होने की संभावना व्यक्त की गई थी।
- वायुमंडलीय परिसंचरण में इस परिवर्तन से महासागरीय अपवेलिंग (गहरे, कार्बन-समृद्ध जल को सतह के निकट लाने की प्रक्रिया) के बढ़ने की संभावना थी।
- इसके परिणामस्वरूप, तीव्र मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन से ये कार्बन-युक्त गहरे जल वायुमंडल के संपर्क में आ जाते, जिससे दक्षिणी महासागर की कार्बन सिंक के रूप में भूमिका कमज़ोर पड़ने की आशंका जताई गई थी।
- हालाँकि, 2000 के दशक की शुरुआत से दक्षिणी महासागर निरंतर अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करता रहा है, क्योंकि कार्बन-समृद्ध परिक्रमणीय गहरा जल सतह से लगभग 100–200 मीटर नीचे संचित हैं, जिससे उनका वायुमंडल में उत्सर्जन नहीं हो पाता।
- **स्तरीकरण की भूमिका:** अधिक वर्षा, अंटार्कटिक हिम के पिघलने तथा समुद्री हिम के स्थानांतरण/आवागमन के परिणामस्वरूप महासागर की सतही परत में स्वच्छ जल की मात्रा बढ़ गई है। स्वच्छ जल, लवणीय जल की तुलना में हल्का होता है, इसलिए यह ऊपर एक स्थिर परत बना लेता है।
- **महत्त्व:** भविष्य में सतही स्तरीकरण कमज़ोर पड़ता है तो संग्रहित कार्बन तेज़ी से वायुमंडल में उत्सर्जित हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की गति और तीव्र हो जाएगी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## राम वी सुतार

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के डिजाइनर और मूर्तिकार राम वी सुतार का निधन हो गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **सम्मानित:** पद्मश्री (वर्ष 1999), पद्म भूषण (वर्ष 2016), महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार से सम्मानित।

**योगदान:**

1. स्टेच्यू ऑफ यूनिटी।
2. अजंता-एलोरा की मूर्तियों का जीर्णोद्धारा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

#### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी:

- **उद्घाटन:** 31 अक्टूबर, 2018 (सरदार पटेल की 143वीं जयंती)।
- **अवस्थिति:** साधु बेट द्वीप, नर्मदा नदी, केवड़िया गुजरात।
- **समर्पित:** सरदार वल्लभ भाई पटेल।
- **विशेषता:** विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा (182 मीटर)।
- **नोट:** स्प्रिंग टेम्पल बुद्ध प्रतिमा (चीन): स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से 23 मीटर कम ऊँचाई।

| क्र.सं. | स्टैच्यू | अवस्थिति | ऊँचाई | समर्पित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टैच्यू ऑफ ऑनर | ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश) | 180 फीट | आदिशंकराचार्य (अद्वैत दर्शन) |
| 2. | स्टैच्यू ऑफ सोशल जस्टिस | विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश) | 125 फीट | भीमराव अंबेडकर |
| 3. | स्टैच्यू ऑफ वेलोर (काँस्य प्रतिमा) | जोरहार (असम) | 125 फीट | अहोम जनरल लाचिन बोरफुकन |
| 4. | स्टैच्यू ऑफ यूनियन (काँस्य प्रतिमा) | टेक्सास (अमेरिका) | 90 फीट | हनुमान जी |
| 5. | स्टैच्यू ऑफ वननेस | खंडवा (मध्य प्रदेश) में सरयू नदी, मांधाता पर्वत के समीप | 108 फीट | आदिशंकराचार्य |
| 6. | स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी | तेलंगाना (हैदराबाद) | 216 फीट | रामानुजाचार्य |
| 7. | स्टैच्यू ऑफ नॉलेज | लातूर (महाराष्ट्र) | 70 फीट | भीमराव अंबेडकर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी (मूर्तिकार – राम वी. सुतार) | बेंगलुरु (कर्नाटक) | 108 फीट | श्री नाथ प्रभु केंपेगौड़ा (बेंगलुरु के संस्थापक) |
| 9. | स्टैच्यू ऑफ पीस | जैतपुरा, पाली, राजस्थान | 27 फीट | जैन आचार्य विजय वल्लभ सूरीश्वर जी |
| 10. | श्री रामानुजाचार्य की स्टैच्यू ऑफ पीस | श्री नगर, जम्मू-कश्मीर | 4 फीट | श्री रामानुजाचार्य |
| 11. | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (मूर्तिकार: राम वी सुतार) | केवड़िया, गुजरात (साधेबेट द्वीप) नर्मदा नदी | 182 फीट (597 फीट) | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| 12. | स्टैच्यू ऑफ बिलीफ (विश्वास स्वरूपम्) | नाथद्वारा (राजस्थान) | 369 फीट | भगवान शिव |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## सुशासन दिवस: 25 दिसंबर

### चर्चा में क्यों?

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** शासन में जवाबदेही, पारदर्शिता एवं नागरिक केंद्रित सार्वजनिक सेवाओं को बढ़ावा देना।
- ई-गवर्नेंस पर 22-23 सितंबर, 2025 को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में 28वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस (NceG): विकसित भारत: 'सिविल सर्विस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' थीम पर आधारित इस सम्मेलन में ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और डिजिटल गवर्नेंस हेतु विशाखापत्तनम घोषणा को अपनाया गया, जो विकसित भारत 2047 के अनुरूप है।
- 10 से 14 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान – DARPG सम्मेलन:
- 'विकसित भारत@2047 – गवर्नेंस ट्रांसफॉर्म्ड' पुस्तक जारी की गई।
- DARPG के सचिव वी. श्रीनिवास 62 प्रतिशत वोटो से जीतकर भारत के पहले IIAS अध्यक्ष (2025-2028) बने।

#### गुड गवर्नेंस इंडेक्स 2020–21:

- **पेश:** 25 दिसंबर, 2019 को एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स और पब्लिक ग्रीवांस डिपार्टमेंट (DARPG) द्वारा।
- इंडेक्स में 10 सेक्टर्स की पहचान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- गवर्नेंस परफॉर्मेंस को 58 इंडिकेटर्स के आधार पर मापा गया।
- राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को भूगोल, जनसंख्या और विकास के स्तर में बड़े अंतर को देखते हुए 4 समूहों में बाँटा गया है–

| A श्रेणी के राज्य | B श्रेणी के राज्य | उत्तर-पूर्वी व पर्वतीय राज्य | केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|---|
| गुजरात (Ist) | मध्य प्रदेश (Ist) | हिमाचल प्रदेश (Ist) | दिल्ली (Ist) |
| महाराष्ट्र (2nd) | राजस्थान (2nd) | मिजोरम (2nd) | |
| गोवा (3rd) | छत्तीसगढ़ (3rd) | | |

**अतिरिक्त जानकारी:**

**अटल बिहारी वाजपेयी (1924–2018):**

- 3 बार भारत के प्रधानमंत्री, 9 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के रूप में चुने गए।
- **सम्मान:** वर्ष 1992 में पद्म विभूषण और वर्ष 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद नामित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'शेवेलिए द ऑर्डर दे आर्ट्स ए लेटर्स' सम्मान**<br>■ फ्रांस का सम्मान।<br>■ **प्राप्तकर्ता:** मलयालय प्रकाशक रवि डीसी।<br>■ **योगदान:** साहित्य और भारत-फ्रांस सांस्कृतिक आदान-प्रदान में योगदान हेतु। |
| 2. | **INS सिंधु घोष**<br>■ नौसेना की पनडुब्बी INS सिंधुघोष को डीक मिशन कर दिया गया है।<br>■ **कमीशन:** वर्ष 1985<br>■ यह सिंधु क्लास की पहली पनडुब्बी थी।<br>■ रूस की किलो-क्लास पनडुब्बियों का भारतीय संस्करण है।<br>■ **'ब्लैक होल':** अत्यंत कम आवाज वाली डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी होने के कारण ब्लैक होल कहलाती है।<br>**सिंधु नाम की अन्य पनडुब्बियाँ:**<br>■ **INS सिंधु रक्षक:** वर्ष 2013 में दुर्घटनाग्रस्त।<br>■ **INS सिंधु ध्वज:** वर्ष 2022 में सेवामुक्त।<br>■ **INS सिंधु घोष:** वर्ष 2025 में डीक मिशन। |
| 3. | **हेनली पासपोर्ट इंडेक्स, 2025**<br>■ अक्टूबर, 2025 में हेनली पासपोर्ट इंडेक्स, 2025 में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति 80वें (वर्ष 2024) से 5 पायदान गिरकर 85वें (वर्ष 2025) स्थान पर रही है।<br>**कारण:**<br>■ इस दौरान कई एशियाई और अफ्रिकी देशों ने नए वीजा फ्री समझौते किए हैं।<br>■ वैश्विक कूटनीति में प्रतिस्पर्धा वृद्धि।<br>■ कुछ देशों के पारस्परिकता के आधार पर वीजा नियम सख्त किए गए हैं।<br>■ **शीर्ष देश:** सिंगापुर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **4.** | **‘मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तीकरण’ पुस्तक**<br>■ **विमोचन:** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन<br>■ **लेखक:** डॉ. सिकंदर कुमार (सांसद)<br>■ **विषयवस्तु:** दिवालियापन कानूनों, डिजिटल शासन, पारदर्शी बैंकिंग प्रणालियों जैसी प्रमुख संरचनात्मक सुधारों पर प्रकाश डाला गया है। (न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन) |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR